## सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
## दिनांक – 27.09.2023

## साइबर क्राइम सेल जालौननेऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि वापस कराकर पीड़ितों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान ।

आवेदक श्री मनोज कुमार स्वर्णकार की कुल धनराशि 4,10,000 /- रूपये किसी दूसरे के खाते में ट्रान्सफर हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

साइबर क्राइम सेल टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम सेल टीम द्वारा आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, उपरोक्त आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की ।

अतः आवेदक की धनराशि आवेदक के उनके खाते में वापस होने पर आवेदक द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व उनकी साइबर क्राईम सेल टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी ।

### बरामदगी का विवरण:-

| क्र0 सं0 | नाम, पता वादी | फ्राड हुयी धनराशि | वापसी धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | मनोज कुमार स्वर्णकार | 4,10,000 /- रूपये | 4,10,000 /- रूपये |

**कुल बरामद धनराशि- 4,10,000/- रूपये ( चार लाख दस हजार रूपये )**

### बरामद करने वाली टीम –

1. प्रभारी साइबर क्राइम सेल मय टीम जनपद जालौन ।